तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, हर नागरिक...



14 कबड्डी में कौहाकुड़ा की टीम ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### वृहद रोजगार मेला 12 को

**महासमुंद।** जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा।

### नर्रा में विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम 17 को

**नर्रा।** ग्राम नर्रा में 17 सिंतम्बर दिन बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा उत्सव कार्यक्रम रखा गया है। भगवान विश्वकर्मा ब्रम्हांड का वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने सृष्टि के रचना और सजाने-संवारने का कार्य किया है। इसके जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार प्रकाश अवस्थी नाईट स्टार कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने रखा गया है।

### चॉइस सेंटर में चोरी वीडियो में दिखा चोर

**महासमुंद।** तुमगांव के महावीर चॉइस सेंटर से चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चोरी की घटना कैमरे में कैद हो गई है, वीडियो में नकाबपोश चोर घुसकर चोरी करते दिख रहा है। वार्ड क्र. 11 नगर पंचायत तुमगांव निवासी लिलेश साहू पिता स्व. बसंत साहू ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि उसका जिला सहकारी बैंक के बाजू में महावीर च्वाईस सेंटर है। 7 सितम्बर की रात दुकान किसी ने चॉइस सेंटर के तिजोरी से लगभग 7, 8 हजार रुपए चुरा लिए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए) बीएनएस, 331(4) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### पड़ोसी से विवाद मारपीट का केस दर्ज

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम उतेकेल में घर बनाने के दौरान पड़ोसी से विवाद होने पर मारपीट की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सचिन निषाद पिता बंशी लाल निषाद 21 साल निवासी उतेकेल ने पुलिस को बताया कि 7 सितम्बर को वे सुबह करीब 10 बजे मकान का डीपीसी बना रहे थे। इसी दौरान उनका पडोसी शंकर मलिक और गोपराज मलिक एक राय होकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। शंकर मलिक ने थप्पड़ भी मारा, घटना को मां सावित्री निषाद देखकर बीच बचाव करने आयी तो गोपराज मलिक गला को पकडकर दबा रहा था। गांव में मींटिंग करने के बाद 8 सितम्बर को थाने में शिकायत दर्ज करायी गई। पुलिस ने मामले में आरोपी शंकर मलिक, गोपराज मलिक के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# सालों से कोटवार की शिकायत, फिर भी नहीं हटाया तो पूरा गांव पहुंचा कलेक्टोरेट

## कोटवार की कारगुजारियां कलेक्टर को बताई, की कोटवार को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोटवार की मनमानी और अड़ियल रवैये के खिलाफ चिरकों के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। मंगलवार को गांव के अधिकतर लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सबसे नीचे स्तर पर काम करने वाले कोटवार को पदमुक्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम चिरको के कोटवार दुधनाथ पिता मेहत्तर कुर्रे को पदमुक्त करने सबंधी सम्पूर्ण जानकारी के साथ दिनांक 09.09.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया गया। लेकिन, आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि कोटवार द्वारा अम्बेडकर चौक स्थित रंगमंच को पुनः कब्जा कर लिया।



ग्रामीणों के अनुसार वे विगत 10 वर्षों से अधिकारियों को आवेदन दे देकर थक चुके हैं उसी जगह पर नया रंगमंच स्वीकृत हो चुका है उसके निर्माण में पुलिस सुरक्षा प्रदान करने एवं कोटवार पर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर के पास पहुंचे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विगत 9 साल से कोटवार को पदमुक्त करने पंचायत प्रस्ताव पारित करके संबंधित अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सैकड़ों की संख्या में कलेक्टर ऑफिस पर घेराव कर कलेक्टर महासमुंद, अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार पटेवा को आवेदन प्रस्तुत किया एवं तत्कालीक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आवेदन प्रस्तुत किया। लेकिन, दूधनाथ कुर्रे द्वारा गांव के चार लोगों के खिलाफ आजाक थाना में जातिगत प्रताड़ना की झूठी शिकायत कर परेशान किया गया है। इनके व्यवहार से पूरे गावं परेशान है विगत 4 वर्षों से अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मात्र झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। ग्रामीण कभी भी उग्र आदोलन के लिए मजबूर हो सकते है, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी एवं महौल इतना खराब हो चुका है कि कभी भी गांव की शांति भंग हो सकती है।

### कार्रवाई नही तो आंदोलन

जनपद सदस्य रोमन पटेल, सरपंच खेमराज भट्ट, लोकनाथ साहू, भगत राम पटेल, रघुनंदन लाल ने बताया है कि इन 10 वर्षों में दुधनाथ कुर्रे के व्यवहार से पूरे गांव परेशान हो चुके है। 7 दिवस के अंदर में यदि कार्रवाई नहीं की जाती है तो ग्रामीणों द्वारा असहयोग आंदोलन किया जायेगा जिसमें गांव में संचालित सभी शासकीय संस्थायें आँगनबाड़ी, स्कूल, कालेज, राशन दुकान, स्वास्थ केंद्र आदि सभी को अनिश्चित कालीन के लिए बंद कर दिया जायेगा जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## कार्रवाई : 5 पकड़ाए, 1 फरार, खोजबीन जारी, जब्त किया गया मांस और शिकार सामग्री

# सूअर के लिए बिछाया जाल, करंट से भालू मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा/महासमुंद

सूअर के शिकार के लिए बिछाए गए करंट जाल की चपेट में आकर एक भालू की मौत हो गई। भालू के शिकार के बाद शिकारियों ने लाश छिपाने के उद्देश्य से उसे घटना स्थल से दूर ले जाकर फेंक दिया। वहीं साथ में हुए सूअर का शिकार मामले में बागबाहरा वनपरिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल में शिकारी गिरोह को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। कार्यवाही में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है। मामला तब सामने आया जब वन विभाग को सूचना मिली कि बागबाहरा वन परिक्षेत्र के जोरातराई कक्ष क्रमांक 179 में एक भालू मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची टीम ने जांच की तो खुलासा हुआ कि आरोपियों ने जंगली सूअर के शिकार के लिए 11 केवी विद्युत लाइन में अवैध रूप से जीआई तार और खूंटी लगाई थी। इसी करंट की चपेट में एक 12 वर्षीय नर भालू भी आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हिरण के लिए लगाए जाल में फंसकर भालू की मौत हुई तो शिकारियों ने भालू के शव को घटना स्थल से हटाकर कुछ दूरी पर छिपाने की कोशिश भी की। मृत भालू का पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कराया ने के बाद अवराडबरी डिपो में उसका अंतिम संस्कार किया गया।



### 5 शिकारी पकड़ाए एक फरार

उप वनमंडल अधिकारी गोविंद सिंह के मुताबिक, ग्राम भीमखोज और जोरातराई कमार डेरा के ग्रामीणों ने घटना को अंजाम दिया है। वन विभाग ने भीमखोज और जोरातराई कमार डेरा में दबिश दी। इस कार्रवाई में जोरातराई से अगर सिंह (40), अर्जुन (36), तुलाराम (35), चैतराम और एक अन्य चैतराम को गिरफ्तार किया गया एवं एक आरोपी फरार हो गया।

### पका हुआ मांस बरामद

वन विभाग ने मौके से सूअर का पका हुआ मांस, जीआई तार, टंगिया और ट्रैक्टर बरामद हुआ जिसे जब्त कर लिया गया है। सभी आरोपियों से आंवराडबरी में पूछताछ की जा रही है। भालू के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 (33), 49, 50, 51 के तहत कार्रवाई की गई है।

### महिला ने पति और बेटे के खिलाफ दर्ज कराई मारपीट की शिकायत

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाने में एक महिला ने अपने पति और बेटे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। वार्ड नंबर 01 शंकर नगर महासमुंद निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति नरेन्द्र साहू आए दिन शराब पीकर गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करता है। आरोप है कि 5 सितम्बर को रात करीब 10:30 से 11 बजे के मध्य नरेन्द्र साहू शराब के नशे में आया और पीड़िता को बेवजह अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथमुक्का से मारपीट किया एवं बेटे राहुल साहू ने भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की है। पीड़िता अपने पति और बेटे के इस व्यवहार से डरी सहमी है। ईलाज कराने के बाद 8 सितम्बर को मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी राहुल साहू और नरेन्द्र साहू के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।



## एनएचएम कर्मियों ने आधी रोटी आधा पेट के तर्ज पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के लोहिया चौक स्थित मंच पर 18 अगस्त से एनएचएम कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। एनएचएम कर्मचारी हर दिन अलग-अलग तरीके से विरोध प्रदर्शन कर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। सामूहिक इस्तीफे के बाद प्रदर्शन और भी तेज हो गया। मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के 23वें दिन एनएचएम संघ के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में आधी रोटी आधा पेट के तर्ज पर सरकार को अपनी वादा याद दिलाया। साथ ही भैंस के आगे बिन बजाते हुए शासन-प्रशासन को बताया गया एवं नियमितीकरण एवं ग्रेड पे अनुकम्पा न्युक्ति जैसे 10 मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

### सड़क किनारे झाड़ी में मिली वृद्धा की लाश

**महासमुंद।** भलेसर मार्ग में आज सुबह एक वृद्धा की लाश सड़क किनारे झाड़ी में मिली है। कोतवाली पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि आज सुबह भलेसर मार्ग सड़क किनारे एक वृद्धा की लाश की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँच मृत महिला की शिनाख्त शुरू की। जांच में महिला की पहचान खैरा निवासी झूनी बाई कुर्रे (60) के रूप में हुई। बताया गया कि महिला शनिवार को घर से बिना बताए निकली थीं। परिवारजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट नहीं लिखाई थी। पूछताछ में यह बात सामने आई कि महिला के दो बच्चे हैं, उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। प्रभारी ने बताया कि फारेंसिंक टीम मौके पर पहुँच जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया साधारण मौत लग रही है पर पीएम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### सीएमएचओ से प्रोत्साहन राशि भुगतान करने की मांग

**महासमुंद।** स्वास्थ्य मितानिन संघ ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आयुक्त सह मिशन संचालक राष्ट्रीम स्वास्थ्य मिशन नवा रायपुर एवं उप संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नया रायपुर (छग) के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले में कार्यरत मितानिनों को प्रदाय किए जाने वाले प्रोत्साहन राशि की भुगतान करने की मांग की गई हैं। स्वास्थ्य मितानिनों ने बताया है कि वर्तमान में प्रदेश की 99 प्रतिशत से अधिक मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, हेल्पडेस्क फैसिलिटेटर शासन से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में है। लेकिन, लेटर जारी कर अनाधिकृत पद स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक से मितानिन प्रशिक्षकों के क्षतिपूर्ति भुगतान का सत्यापन करने आदेश जारी किया गया है जो कि न्याय संगत नहीं है। जो मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक कार्यरत है उनके दावा पत्रक क्षतिपूर्ति में एएनएम, बीएमओ सत्यापन करें हमें आपत्ति नहीं है। किन्तु स्वस्थ्य पंचायत समन्वयक के सत्यापन से हमें आपत्ति है। पत्रक क्र. 2162 में स्वस्थ्य पंचायत समन्वयक के द्वारा मितानिन प्रशिक्षक क्षतिपूर्ति सत्यापन के आदेश को निरस्त किया किये जाने की मांग अवेदन सौंप किया गया है।




# अतिक्रमण को लेकर दो गुटों में बंटा गांव, दंबगों के अतिक्रमण हटाने की उठी मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोमाखान तहसील के ग्राम कोसमी में शासकीय घास मद भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने गांव के अतिक्रमण को हटाने के लिए कलेक्टर से कार्रवाई करने की मांग की हैं।

ग्रामीण राजू सिंह ठाकुर, तुकेराम, गैंदलाल, चैतुराम एवं ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम पंचायत कोसमी में पंचायत चुनाव में मदन पटेल की बहू संतोषी बाई पटेल एवं वर्तमान सरपंच कोमल बाई पटेल सरपंच पद प्रत्याशी रही। जिसमें संतोषी बाई पटेल पंचायत चुनाव हार गई। अब गांव दो गुटों में बंट गया। और परेशान करने के नियत से रंजिश की भावना से वर्तमान सरपंच कोमल बाई पटेल को दबाव पूर्वक अतिक्रमण हटाये जाने ग्राम पंचायत के माध्यम से नोटिस दिया गया। जिसका विधिवत जवाब ग्रामीणों ने दिया। तत्पश्चात ग्रामीणों के खिलाफ तहसीलदार कोमाखान द्वारा कारण बताओ नोटिस का भी जवाब पेश किया गया। ग्राम पंचायत कोसमी एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा पूर्व में सभी अतिक्रमणकारियों के विरुध्द अतिक्रमण हटाने के लिए सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया था लेकिन,



शासकीय घास मद की भूमि को गांव के दबंग एवं रसूखदार व्यक्तियों द्वारा अवैधानिक रूप से अतिक्रमण किए जाने पर हल्का पटवारी से मौका स्थल जांच प्रतिवेदन से विधि अनुकुल कार्रवाई किये जाने तहसीलदार कोमाखान को निर्देशित किये जाने की मांग कलेक्टर से की गई।

### इन पर लगा है जमीन कब्जा करने का आरोप

ग्रामीणों ने बताया है कि शासकीय मद की भूमि को ग्राम पटेल भूपतसिंह दीवान, ग्राम प्रमुख बालाराम पटेल, मदन पटेल (शिक्षक) के द्वारा दबंगई दिखाते हुए गांव के शासकीय जमीन को गांव के व्यक्ति मदन मरार, लोकराम मरार, राजकुमार मरार, हेमंत अघरिया, भोगदेव अघरिया, जुगसिंग कंवर, डोंमारसिंग कंवर, झुम्मन गोंड, कमलेश अघरिया, भूपत दीवान, धनेश्वर, रेशम, मणीराम मरार, बालाराम मरार, कोंदुराम मरार, आनंदराम केंवट, खेदूराम, खोलबाहरा केंवट, मखियार, घनाराम मरार, नर्सिंग मरार, राधेश्याम मरार, खगेश्वर अघरिया, सुकलाल मरार, प्रेमिया मरार, नंदलाल केंवट, राजबाई रावत, फुलबतिया साहू, जमुनाबाई मरार, तिलकराम मरार आदि के द्वारा शासकीय घास मद की भूमि को अवैधानिक रूप से कब्जा किया गया है जिसमें कुछ भू भाग में मकान व कृषि भूमि बनाकर कृषि कार्य किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**



## भास्कर को मिली पीएचडी की उपाधि

**कोमाखान।** शोधकर्ता भास्कर राव पांढरे को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने संस्कृत विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। कोमाखान निवासी डॉ पांढरे ने प्रोफेसर डॉ रामकिशोर मिश्र के निर्देशन में ‍ऱसामवेदीय देवोपासनायाः वर्तमान सन्दर्भ अनुशीलनम विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उनकी मौखिक परीक्षा रायपुर विश्वविद्यालय के पाणिनी सभागार में लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के वेद विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ देवेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ रामकिशोर मिश्र, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बारा मैडम, डॉ. गिरजा शंकर गौतम, डॉ हेमंत शर्मा, डॉ कान्हे, डॉ बी पी शर्मा, डॉ ज्ञानेश उपाध्याय, डॉ नीलेश तिवारी, जितेंद्र खरे और सुमित सोनी उपस्थित रहे।

## कृषि अधिकारियों का आंदोलन, काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन की राह पर हैं। मंगलवार 9 सितम्बर को कृषि विभाग जिला के सभी कार्यालय में अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। अधिकारियों ने कहा कि उनकी तकनीकी वेतनमान (4300 ग्रेड पे) की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा वे मासिक स्थाई भत्ता, फिक्स टीए को 2500 रुपये करने, मोबाइल-इंटरनेट-लैपटॉप-स्टेनरी संसाधन भत्ता सहित अन्य सुविधाएँ चाहते हैं। उनका कहना है कि ये मांगें पूरी तरह जायज हैं और सरकार को तत्काल इन्हें स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। आगामी 15 सितंबर को विकासखंड और जिला स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। फिलहाल, काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की गई है। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे।

# आदि सेवा अभियान के तहत हुई कार्यशाला : 210 ग्राम पंचायत में स्थापित होंगे आदि कर्मयोगी केंद्र, जनजाति समुदाय को मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

आदिवासी विकास शाखा महासमुंद के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में स्थानीय जनपद पंचायत सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास महासमुंद मनीष साहू द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

विकासखंड पिथौरा की 126 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 238 गांवों में से 210 ग्राम आदिवासी कर्मयोगी अभियान हेतु चयनित किए गए हैं। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। यह अभियान 9 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा, जिसके दौरान नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर गाँव-गाँव जाकर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिथौरा सीपी मनहर ने




बताया कि विकासखंड को 20 क्लस्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक क्लस्टर में 10 से 11 गाँव शामिल हैं। ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन और मंगल भवनों को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर के बाद ग्राम पंचायत स्तर पर आदि सहयोगी एवं आदि साथी जनजातीय समुदाय के सहयोग से ग्रामवार विकास योजना तैयार करेंगे, जिसे आगामी 2 अक्टूबर से आयोजित ग्राम सभा में अनुमोदित किया जाएगा।

### अनेक योजना शामिल

इस योजना का उद्देश्य है कि अगले पाँच वर्षों में शत-प्रतिशत जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत, शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य, पोषण, सड़क, दूरसंचार, सामाजिक सुरक्षा और अन्य विभागों की समन्वित कार्ययोजना बनाई गई है। कार्यशाला में जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद सदस्य श्याम बहावल, पुरुषोत्तम धृतलहरे, विमला बेहरा, गंगा अत्री के अलावा विकासखंड के सभी विभागीय अधिकारी एवं जनजातीय समाज के प्रमुख बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करारोपण अधिकारी उमेश दीक्षित ने किया।

**निर्देश:** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# व्हीकल माउंटेन डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लाक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए सभी विकासखण्डों में शांति समिति की बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ला एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि व्हीकल माउंटेन डीजे बजने पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार व्हीकल माउंटेन डीजे बजाने पर पुलिस और राजस्व अधिकारी जब्ती की कार्रवाई करें। उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पशु मालिकों पर अपने पशुओं को सड़क पर खुला छोड़ने पाए जाने पर जुर्माना लगाना जारी रखें। पंचायत स्तर पर पशुओं को रखने की स्थानीय व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सहकारी समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल



**व्यवस्था ठप रही, जिम्मेदारों ने नहीं की कोई कार्रवाई**

बीते 3 दिनों में अनंत चतुर्दशी से लेकर सोमवार रात तक शहर में भारी कोलाहल के साथ डीजे का संचालन होता रहा। इस दौरान कई बार दो समितियों द्वारा विसर्जन के दौरान आमने सामने होने पर डीजे और धुमाल पार्टी में प्रतियोगिता तक की स्थित देखने को मिली। इन सबके बीच यातायात पुलिस की परेशानी सबसे बड़ी सामने आई। यातायात व्यवस्था को लेकर जवान डटे रहे लेकिन, गणेशोत्सव समितियों के मनमाने व्यवहार और देर रात तक निर्धारित दिशानिर्देशों से अधिक साउंड में डीजे बजाए जाने की शिकायतों के बावजूद कानून व्यवस्था के जिम्मेदार अफसरों द्वारा एक भी कार्रवाई नही गई। कार्रवाई के लिए शिकायत का इंतजार करते अफसर घरों में दुबके रहे और शिकायतें कलेक्टर तक पहुंचती रही। इसके चलते कलेक्टर ने बैठक में जिम्मेदार अफसरों को इसके लिए फटकार भी लगाई।

किसानों को वितरित सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे निजी दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें जहां खाद का अवैध भंडारण एवं ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाद के भंडारण के पश्चात सभी विकासखण्डों में वितरण सुनिश्चित करें। वहीं कृषि विभाग की समीक्षा में डिजिटल क्राप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं मैनुअल गिरदावरी के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर सर्वे प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। किसान पंजीयन के लिए शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने 12 सितम्बर को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेला के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर बेरोजगार युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात है कि रोजगार मेला का आयोजन शासकीय वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में किया जाएगा। इस मेले में लगभग साढ़े तीन हजार पदों के लिए निजी संस्थानों द्वारा भर्ती की जाएगी। अभी तक 4800 युवक-युवतियों ने पंजीयन किया है।

कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि आदि सहयोगी के चयन में गम्भीरता बरतते हुए समय सीमा में प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे सहयोगियों का चुनाव करें जो ग्रामीण समस्याओं को जानते हैं एवं लोगों के साथ जिनका जुड़ाव है। उन्होंने आदि सेवा पर्व जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा की विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में वेटलैंड स्थलों के सर्वेक्षण के संबंध में कहा कि वन विभाग द्वारा 911 स्थानों का सर्वे किया गया है। सभी राजस्व अधिकारी इसका सत्यापन सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय से अनुपस्थित और बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित मेनू अनुसार नियमित जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को मध्यान्ह भोजन के संबंध में एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समितियों के एक सप्ताह के भीतर बैठक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को विशेष उपलब्धियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी हेतु शीघ्र आगे कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## विद्युत सब स्टेशन के ऑपरेटर से मारपीट, चार पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के ग्राम चिमरकेल स्थित 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन में मंगलवार शाम मारपीट और गाली-गलौज की घटना सामने आई है। ड्यूटी पर तैनात सब स्टेशन ऑपरेटर ने चार आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ड्यूटी के दौरान हमला

पीड़ित ऑपरेटर, जो ग्राम देवरी का रहने वाला है, ने बताया कि वह 2 सितंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे सब स्टेशन में मौजूद था। इस दौरान ग्राम चिमरकेल निवासी बल्लू सिदार पिता पटू सिदार, युवराज सिदार पिता गोरेलाल सिदार, प्रकाश साव पिता श्यामलाल साव, पदुमदास पिता ज्ञानदास, सब स्टेशन में घुस आए। आरोप है कि इन लोगों ने विद्युत परमिट के नाम पर दबाव बनाया और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

### जान से मारने की धमकी

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे गंभीर रूप से धमकाते हुए कहा कि जान से मार देंगे। इस दौरान मौके पर मौजूद मनोहर सिदार और सुरेश कोसरिया ने बीच-बचाव किया। घटना की जानकारी पीड़ित ने पहले अपने परिवार को दी और परामर्श के बाद थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### अपराध रोकने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** नगर में बढ़ रहे चोरी और गुंडागर्दी रोकने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी तथा पार्षद पीयूष साहू, राहुल आवड़े व शरद मराठा ने सिटी कोतवाली में ज्ञापन सौंपा।

# महाविद्यालय में रजत जयंती के द्वितीय दिवस लगा पुस्तक मेला, विविध प्रतियोगिता भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक एवं जनभागीदारी प्रबन्धन समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य करूणा दुबे की अध्यक्षता में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रजत महोत्सव के द्वितीय दिवस पर पुस्तक मेला, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन एवं रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति अध्यक्ष संदीप दीवान, सांसद प्रतिनिधि व पार्षद संदीप घोष, शाडीएमएस अध्यक्ष रमेश साहू, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, एल्यूमिनी अध्यक्ष अमृत चोपड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, मनीष बंसल, डा शेषनारायण गुप्ता, लाल विजय सिंहदेव, विनोद चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, कार्यक्रम की संयोजक डॉ मालती तिवारी, सहसंयोजक अजय कुमार राजा एवं कार्यक्रम प्रभारी दिलीप लहरे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर राज्य गीत के साथ की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने रजत महोत्सव के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वागत भाषण दिया। अतिथिओं ने पुस्तक मेला, रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। विधायक सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा, शिक्षक तथा पुस्तक तीनों का विशेष महत्व है। साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए युवाओं का आह्वान किया। संदीप दीवान ने कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं, जो उनकी क्षमताओं का विकास करने में मदद कर सकती हैं। महाविद्यालय में आयोजित पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन प्रकाशकों में सेंट्रल बुक हाउस, गायत्री शक्तिपीठ, पतंजलि चिकित्सालय, स्टार बुक हाउस, बालाजी कृष्ण गोपाल समिति, एसपीबीडी पब्लिकेशन तथा पुस्तक भंडार छत्तीसगढ़, जनसंपर्क विभाग, विमल बुक डिपो और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय महासमुंद शामिल थे। इन प्रकाशकों ने विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का प्रदर्शन किया। जिनमें प्रतियोगि परीक्षा, चिकित्सा, आत्मकथा, अध्यात्म और अन्य विषय शामिल थे। छात्रों ने इन पुस्तकों का लाभ उठाया और अपनी ज्ञानवर्धक यात्रा में नई दिशा प्राप्त की। पुस्तक मेले का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों से परिचित कराना और उनकी ज्ञानवर्धक आवश्यकताओं को पूरा करना था। इस आयोजन से छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकें चुनने और खरीदने का अवसर मिला। पुस्तक मेला एक सफल आयोजन रहा। जिसमें छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का लाभ उठाया। इस आयोजन से छात्रों को अपनी ज्ञानवर्धक आवश्यकताओं को पूरा




करने और अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकें चुनने का अवसर मिला। रजत जयंती महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और रैली शामिल थीं। इन कार्यक्रमों का थीम रजत जयंती तक का सफर था। गोद ग्राम मचेवा तक रैली निकाली गई। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों के साथ ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

### छात्रों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में दस छात्रों ने आकर्षक रंगोली बनाईं। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में 32 छात्रों ने रजत जयंती महोत्सव के थीम पर आधारित पोस्टर बनाए। रंगोली प्रतियोगिता में गेंद लाल साहू बीए प्रथम सेमेस्टर, वर्षा चंद्राकर एमएससी प्रथम, तृप्ति साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पायल प्रजापति बीएससी प्रथम, ऋतिक पहरिया एमए प्रथम, स्वाति जगत एमए प्रथम क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। आभार प्रदर्शन डॉ मालती तिवारी ने किया। मंच संचालन दिलीप लहरे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ दुर्गावती भारतीय, प्रो प्रियंका सोनवानी, मनीषा प्रधान, आशुतोष पुरी गोस्वामी, प्रदीप कनहर, केशरचन्द्र बनपाल, डॉ प्रियंका चक्रधारी, परवीन नजीब, नम्रता तंबोली आदि मौजूद रहे।



## सावित्रीबाई फुले की जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेने की संकल्प

महासमुंद। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संचालित पे बेक सोसायटी के सहयोगकर्ताओं के सौजन्य से महान समाज सुधारक व बालिका शिक्षा के प्रारम्भकर्ता ज्योतिबा फुले और देश के प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की छायाचित्र के साथ ही छात्र-छात्राओं की मांग पर विभिन्न खेल सामग्री अजा पोस्ट कन्या छात्रावास मचेवा व प्री मैट्रिक अजा बालक छात्रावास एवं प्री बालिका छात्रावास गुडरु पारा में सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों ने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए महापुरुषों के जीवन संघर्षों को अपने आदर्श मानकर अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने कहा। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने बताया कि पे बेक सोसायटी के माध्यम से हम लोग लगातार जिला के सभी छात्रावासों व जरुरत मंद छात्रों की फीस पुस्तक कापी, यूनिफॉर्म खरीदकर सहयोग कर रहे हैं, ऐसे बच्चे बेहिचक होकर अपनी समस्या बताए, जिस पर एक छात्र ने बारहवीं की परीक्षा फीस जमा करने व एक छात्रा ने नवकिरण अकादमी की कोचिंग फीस 1500 रुपए जमा करने एवं कुछ छात्रों ने पुस्तक संबंधित सहयोग करने की निवेदन किया, जिस पर पदाधिकारियों द्वारा शीघ्र ही उपलब्ध कराने की बात कही। अंत में सभी छात्रों ने सावित्रीबाई फुले, बाबा साहब अंबेडकर के जीवन संघर्षों को आदर्श मानकर शिक्षा ग्रहण कर समाज व राज्य के नाम रोशन करने की संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे, जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, जिला सचिव रेखराज बघेल, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश रात्रे, महासमुंद शिक्षा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष फनेन्द्र बंजारे, संघर्ष समिति प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष हर्ष प्रताप मन्नाडे, पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास की अधीक्षीका चित्ररेखा व प्री बालक छात्रावास के अधीक्षक छन्नु लाल साहू, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास के अधीक्षिका अमृताराय सागर उपस्थित रहे।

# राज्य अलंकरण शिक्षक समारोह में लीनू को मिला नागार्जुन सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य अलंकरण 2025 का आयोजन 08 सितम्बर 2025 को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, अकादमिक भवन, राखी मोड़ (चरमुड़िया), कुरूद में किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक चला।

इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवाद उन्मूलन, अंधविश्वास निर्मूलन एवं जन-जागरुकता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समाजसेवकों तथा 10 बाल वैज्ञानिक छात्रों का सम्मान किया गया। समारोह की विशेषता रही कि चयनित शिक्षकों को मंच पर बैठाकर दूध मिश्रित जल से चरण प्रक्षालन किया गया। पश्चात उन्हें तिलक चंदन लगाकर महाआरती की गई तथा मोमेंटो, मेडल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में महासमुंद जिले की शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला की शिक्षिका लीनू चंद्राकर को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए नागार्जुन सम्मान से सम्मानित किया गया।



समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय मंडावी, मुख्य अतिथि डा. हितनारायण टंडन (सहायक प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष, प्राणी विज्ञान, गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद) एवं इसरो साइंस एक्टिविस्ट नीरज वर्मा (महाराष्ट्र) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला ने की। इस अवसर पर महर्षि वशिष्ठ सम्मान, नागार्जुन सम्मान, सरस्वती पुत्र सम्मान तथा उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान भी चयनित व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रदान किए गए। यह सम्मान समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिंहा एवं सतीश नायर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा ने हर्ष जताया है।

# विविध कार्यक्रमों के साथ डाइट छात्राध्यापकों ने किया शिक्षकों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में डीएलएड छात्राध्यापकों ने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्राध्यापकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अमूल्य योगदान है। शिक्षक अपने संस्कार एवं कुशल नेतृत्व से अपने विद्यार्थियों को शिखर तक पहुंचा सकता है, यही वजह है कि शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता कहा या है। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, टेकराम सेन, तिलोतमा प्रधान, कमलेश पाण्डेय, दुर्गा सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, किरण कन्नौजे, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान स्वयं का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि सभी छात्राध्यापक भावी शिक्षक हो, इसलिए कुशल शिक्षक बनने का संकल्प लें। इस अवसर पर व्याख्याता टेकराम सेन के मार्गदर्शन में छात्राध्यापकों द्वारा आकर्षक



नृत्य, गीत एवं गुरुओं के सम्मान में लघु नाटि्यका की प्रस्तुति दी है। छात्राध्यापक धर्मेन्द्र सिंह जगत, माधुरी मंडावी द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सराहना अर्जित की। वहीं मीना ठाकुर, मनोज बंजारे एवं प्रीति सिंह द्वारा सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के सम्मान में प्रमोद साव एवं राज मरावी द्वारा विचार रखा गया। तनुजा ध्रुव की एकल नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का हृदय जीत लिया। कार्यक्रम की सफलता में योगेन्द्र पांडे, आकांक्षा साहू, गरिमा सिंह राजपूत, मीना साहू, राधा साहू, तरुण चंदराकर, छात्राध्यापक मीना ठाकुर, टोमन भंडारी, विनय नेताम, शुभम पोर्ते, पुष्पलता, खिलेश्वरी, भारती, भावना, जागेश्वरी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर छात्राध्यापकों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं फल भेंटकर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राज मरावी, खिलेश्वरी लहरे एवं मनोज बंजारे ने संयुक्त रुप से किया।

## खबर संक्षेप

### राजू भाई का हुआ अंतिम संस्कार, हजारों की संख्या में जुटे लोग



**नर्रा।** नुआपाड़ा जिले से विधायक और ओडिशा सरकार के पूर्व योजना समन्वय कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र धोलकिया (राजू भाई) का 68 वर्ष के आयु में सोमवार को चेन्नई के एक निजी अस्पाल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे ओडिशा सहित राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर फैल गई। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को खरियार रोड़ नगर स्थित गृह में किया गया। जहां हजारों लोगों ने शामिल होकर अपने नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक राजेन्द्र धोलकिया का जाना न केवल नुआपाड़ा बल्कि, पूरे ओडिशा के लिए अपूरणीय क्षति है।

### छग सतनामी मुक्ति केंद्र परिक्षेत्र भोरिंग के अध्यक्ष बने मेलाराम


**महासमुंद।** छग सतनामी मुक्ति केन्द्र परिक्षेत्र भोरिंग की बैठक सतनाम भवन ग्राम भोरिंग में हुई। जिसमें परिक्षेत्र के विभिन्न गांवों के सामाजिक प्रमुख उपस्थित रहे। जिसमें सर्वसम्मति और भाई-चारे के साथ उत्साह पूर्वक परिक्षेत्र भोरिंग के पदाधिकारियों का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सत्यानंद जेन्ड्रे, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मारकण्डे, चुनाव अधिकारी भवन ढीढी, जिला सचिव श्यामलाल मन्नाडे, कार्यकारिणी सदस्य गुलाब साय, सदस्य सत्यप्रकाश साय की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मेलाराम बंजारे, उपाध्यक्ष रामेश्वरी चेलक, गैंदराम जांगडे, सचिव टेथिस कुमार चेलक, सहसचिव गणेश राम सोनवेर, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश ढीढी, महामंत्री कांतिकुमार योगी, मीडिया प्रभारी अमन कोसले, कार्यकारिणी लोकनाथ कुर्रे आदि शामिल है।




# सरपंच की दबंगई पर प्रशासन सख्त, आदिवासी महिला की गुहार के बाद जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

हरिभूमि में 05 सितम्बर को प्रकाशित खबर "सरपंच ने बहिष्कार कर 10 हजार का लगाया जुर्माना, नहीं देने पर समाज से बहिष्कार, डीएम/एसपी से की शिकायत" का बड़ा असर सामने आया है। समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत नरसिंगपुर अंतर्गत ग्राम जर्रा की आदिवासी महिला सेमबाई सिदार ने सरपंच नवलीन मांझी पर गंभीर आरोप लगाए थे। पीड़िता का कहना है कि पंचायत बैठक में उसके खिलाफ फैसला लेते हुए राशन-पानी बंद कर दिया गया और ग्रामवासियों को चेतावनी दी गई कि यदि कोई उससे बातचीत करेगा तो उसे 10 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा।



खबर का असर

इस फरमान से पूरा परिवार सामाजिक बहिष्कार का शिकार हो गया है। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा ने नायब तहसीलदार पिरदा को जांच के आदेश दिए हैं। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि शिकायत में उल्लेखित तथ्यों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। पीड़िता का पति मजदूरी करने चेन्नई में कार्यरत है, ऐसे में सेमबाई अपने दो छोटे बच्चों के साथ गांव में रहकर प्रताड़ना झेल रही हैं। उनका कहना है कि सरपंच की दबंगई ने परिवार को आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल दिया है।

**अब बड़ा सवाल**

यदि जांच में आरोप सही साबित होते हैं तो पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 (छग) के तहत सरपंच को पद से हटाने की कार्रवाई संभव है। सामाजिक बहिष्कार और जुर्माना थोपना ग़ैरक़ानूनी कृत्य है, जिस पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर सकती है। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या पीड़ित आदिवासी परिवार को न्याय मिलेगा या नहीं।

# भाजपा जिला कार्यालय में हुई सेवा पखवाड़ा कार्यशाला, नेताओं ने दिया सेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा के संचालन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में हुआ। जिसकी शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू की प्रस्तावना से हुई। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भाजपा की कार्यसंस्कृति और मूल विचारधारा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन सेवा के माध्यम से मनाने का यह अवसर कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने सेवा पखवाड़ा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र ही सेवा है। और इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केवल पार्टी के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए काम करते हैं, और यह अवसर सेवा के माध्यम से समाज में अपनी पहचान मजबूत करने का है।




विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भाजपा की ताकत केवल चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि सेवा और संगठन में निहित है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा जैसे अभियान कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का अवसर देते हैं।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व विधायक सरायपाली रामलाल चौहान एवं त्रिलोचन पटेल, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान (खल्लारी), एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा की विचारधारा का जीवंत उदाहरण है और हर कार्यकर्ता को इसे जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

इस कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, विधानसभा संयोजक-सहसंयोजक, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला संयोजक तथा सेवा पखवाड़ा की जिला एवं मंडल टीम के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा के संयोजक होंगे राहुल



सेवा पखवाड़ा के लिए जिले के संयोजक के रूप में राहुल चंद्राकर, सदस्य के रूप में कृष्ण कुमार साहू, प्रदीप साहू, पालेश्वर पटेल, डी. साहू को बनाया गया है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने किया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया और संदेश दिया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू ने किया।

# पालिका दफ्तर में नागरिकों से संवाद कर अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मंगलवार को पालिका दफ्तर में विभिन्न वार्डों के नागरिकों के साथ सौजन्य मुलाकात कर उनसे संवाद किया। इस दौरान विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। नागरिकों ने जलजमाव, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण, कूड़ा प्रबंधन और पेयजल के लिए पाइप लाइन जैसी समस्याओं को उठाया।



नपाध्यक्ष साहू ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य जनता की बात सुनना और उस पर शीघ्र कार्य करना है। उन्होंने मौके पर ही नगर पालिका के अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। विशेष रूप से जिन क्षेत्रों में जल जमाव जैसी स्थिति है, वहां तकनीकी निरीक्षण कर स्थायी समाधान की कार्य योजना बनाने को कहा। पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जनहित के हर मुद्दे पर पारदर्शिता और तत्परता उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि पालिका क्षेत्र के नागरिक किसी प्रकार की समस्या पर उनसे पालिका दफ्तर आकर समस्या बता सकते हैं। आम जनों से संवाद होने से शहर वासियों का आवश्यक सुझाव मिलता है। शासकीय योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके, इसके लिए भी हम प्रयासरत हैं। पालिका दफ्तर पहुंचे नागरिकों ने अध्यक्ष की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र निरंतर प्रगति करेगा। नपाध्यक्ष द्वारा आमजनों से किए जा रहे आत्मीय मुलाकात व संवाद जनप्रतिनिधि और नागरिकों के बीच विश्वास और भरोसे की मजबूत नींव भी बन रही है।

# स्वामी शिवानंद की जयंती में निकली प्रभातफेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी शिवानन्द सरस्वती योग भवन में 8 सितंबर को स्वामी शिवानंद सरस्वती की 138वीं जयंती मनाई गई। प्रातःकाल 6 बजे से सायंकाल 6 बजे तक 12 घंटे का अनवरत महामंत्र हरे राम, हरे कृष्ण संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 6 से 7:30 बजे तक महामंत्र संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रातः 9 बजे से पादुका पूजन किया गया। संध्या 6 से 08:30 बजे तक भजन-कीर्तन एवं स्वामी शिवानन्द सरस्वती की जीवनी पर चर्चा। तत्पश्चात आरती, प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विद्यानंद सरस्वती दिव्य जीवन संघ अध्यक्ष दौलत चन्द्राकर, योग गुरु तारेंद्र चन्द्राकर, सेवनलाल चन्द्राकर, दाऊलाल लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, नुकेश चन्द्राकर गौतम सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद चन्द्राकर, कपूरचंद साहू, देवकुमार साहू, प्रेमा चन्द्राकर, रामनिवास चन्द्राकर, रविन्द्र जैन, भारती चन्द्राकर, प्रीति शर्मा, शिखा साहू, सविता चन्द्राकर, रामकुमार चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, त्रिलोक चन्द्राकर, सत्रुघन नामदेव, पीएन चन्द्राकर, परमानन्द बजाज, चोइथराम राजपाल, देवेन्द्र कुमार चन्द्राकर, कोमल गुप्ता, चन्द्रशेखर साहू, पूर्णिमा साहू, लालिमा चन्द्राकर, सुनील कुमार शर्मा, आर्यन शर्मा, रविन्द्र चन्द्राकर, सेजल सूचक, संजना नामदेव, निरंजना चन्द्राकर, शिवनाथ बोश, मोतुषि बोस आदि मौजूद रहे।

### प्रतीक्षारत छात्रों के लिए काउंसलिंग तिथि घोषित

**महासमुंद।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा वर्ष 2025-26 में कक्षा 9वीं प्रवेश चयन परीक्षा अंतर्गत चतुर्थ प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग तिथि घोषित की गई है। मिली जानकारी अनुसार अनुसूचित जनजाति, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) एवं अनुसूचित जाति वर्ग के बालक-बालिकाओं की काउंसलिंग 12 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक होगी तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के बालक-बालिकाओं की काउंसलिंग 13 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# बनियातोरा में एक दिवसीय मानसगान कार्यक्रम में पहुंचे जिपं उपाध्यक्ष भीखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

नवयुवक गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी बनियातोरा कोमाखान के तत्वावधान में गणेशोत्सव हवन पूजन के अवसर पर एक दिवसीय रामचरित्र मानस गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र से क्षेत्र की कुशलता, सुखी और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की। वही विशिष्ट अतिथि दुबेलाल साहू जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, कार्यक्रम की अध्यक्षता लोचनराम पटेल जनपद सदस्य बागबाहरा ने की।



विशेष अतिथि नितिन जैन अध्यक्ष भाजपा मंडल कोमाखान, कलाराम नायक भाजपा नेता, गुलशन शिरोमणि, प्रभा परमेश्वर पटेल सरपंच ग्राम पंचायत परकोम, परमेश्वर सोनवानी सरपंच प्रतिनिधि, उपसरपंच खिलावन यादव उपस्थित रहे। राम चरित्र मानस गान कार्यक्रम में आमंत्रित चार मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुति दी। आयोजक दिलेश, यादराम पटेल, कृपाराम, नवीन सेन, यादोराम, आत्माराम, भागवत, रमेश, टेकचंद, सोहन समेत नवयुवक गणेश उत्सव समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# बागबाहरा में हुई कबीर धर्म दास वंशावली मिशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

- छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिनिधि आरती दास ने ली सर्व कबीर पंथी समाज की बैठक

स्थानीय कर्मचारी भवन में सोमवार को सर्व कबीर पंथी समाज की बैठक हुई। जिसमें केडीवी मिशन के प्रचार प्रसार के लिए एक वैचारिक समाजिक संगठन के लिए कबीर पंथ के पन्द्रह वे वंशाचार्य पंथ हुजूर प्रकाश नाम मुनि साहब एवं सोल वे वंशाचार्य पंथ उदित मुनि नाम साहेब के प्रेरणा से कबीर पंथ के अनुयायियों ने आपस में दृढ़तापूर्वक संगठित होकर जनकल्याण एवं विश्व शांति के उद्देश्य से मानव को तनावमुक्त, हिंसामुक्त, नशामुक्त और सुखमय तथा चरित्रवान बनाने के लिए एक वैचारिक समाजिक संगठन का निर्माण किया, जो कबीर धर्म दास वंशावली मिशन के नाम से उदित हुआ।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिनिधि आरती दास मानिकपुरी ने केडीवी मिशन के बारे में सर्व कबीर पंथी समाज को अपने जीवन को तनावमुक्त, नशामुक्त रहने और अपने अंदर प्रेम दया एवं भाईचारे जैसे गुणों का संचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि कबीर धर्म दास वंशावली मिशन अपने अस्तित्व में आते ही सदगुरू कबीर साहेब के सिद्धांतों के अनुरूप जगत कल्याण एवम वैश्विक समाज सुधार का कार्य करने के लिए सदैव तत्पर है। कबीर धर्म दास वंशावली मिशन एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक विचार धारा है, जो मानव मात्र के हृदय में प्रवाहित होकर संपूर्ण जगत कल्याण करने वाली है।




कबीर धर्म दास वंशावली मिशन सदगुरू कबीर साहेब धनी धर्म दास साहेब आमीन माता एवं अन्य महान विभूतियों के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने एवं उसके पालन करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करेगा। बैठक में डोमन दास महंत विषेश रूप से उपस्थित रहे। मानिकपुरी समाज और साहू समाज के जिला प्रतिनिधि और तहसील प्रतिनिधियों का गठन हुआ। जिसमें जिला प्रतिनिधि गौतम दास मानिकपुरी, युवा प्रतिनिधि रोशन साहू, सलाहकार, पोखन दास मानिकपुरी, महिला मंडल से हमेश्वरी हिरवानी एवं तहसील प्रतिनिधि युवराज साहू, युवा प्रतिनिधि राम दास मानिकपुरी, तहसील सलाहकार पूनम मानिकपुरी, महिला मंडल से कुमारी साहू, सरायपाली से तुलसी दास, वीरेंद्र दास दानी साहू, भोला दास मानिकपुरी, आरती दास, संतोष साहू, सुखसागर दास, संजय दास, महेश दास, सुरेश साहू, मुकंद साहू, गिरधर साहू, शांति साहू आदि उपस्थित रहे।

# कर्मा कन्या महाविद्यालय में एल्यूमिनी-मीट अनुस्मृति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार के निर्देशन में एल्यूमिनी-मीट अनुस्मृति-2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्रा हीना ढालेन (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद) एवं समस्त पूर्व छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रजवलन कर किया गया। तत्पश्चात समस्त उपस्थित पूर्व छात्राओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक खगेश्वर नवरंगे सहायक प्राध्यापक सूक्ष्म जीव विज्ञान ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय एवं पूर्व छात्राओं के मध्य आजीवन संबंध स्थापित करना, अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान करना एवं आने वाली पीढियों को प्रेरित करना है। संस्था के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार द्वारा पूर्व छात्राओं को उनकी उपलब्धियां एवं वर्तमान में अपने-अपने क्षेत्र में दे रहे सेवाओं के लिए शुभकामना प्रेषित करते हुए विगत वर्षों में महाविद्यालय के विकास एवं उपलब्धियों (नवीन स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन, सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर लैब आदि) के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। पूर्व छात्राओं द्वारा भी अपने अध्ययन काल की स्मृतियों को साझा करते हुए महाविद्यालय के हित में सदैव तत्पर रहने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने अपने सुझाव दिए।



इस अवसर पर एल्यूमिनी पदाधिकारियों का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से हीना धालेन अध्यक्ष, प्रेरणा कापसे उपाध्यक्ष, ऐश्वर्या साहू सचिव, स्वाति शर्मा सहसचिव एवं साक्षी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ सरस्वती वर्मा, डॉ मनोज शर्मा, डॉ श्वेतलाना नांगल, ओंकार साहू, अजय वास, जगदीश प्रसाद खटकर, अरविंद साहू, वंदना यादव, कविता गहीर व अन्य शिक्षकगण एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

# सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, हर नागरिक की भी है जिम्मेदारी : आत्माराम

## सड़क पर बने गड्ढे को भरकर दुर्घटनाओं से बचाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

बागबाहरा से झलप मार्ग पर बने गड्ढे के कारण सोमवार की रात एक व्यक्ति दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो गया था। यह घटना एक महीने के अंदर चौथी घटना थी। फिर उसी गड्ढे के कारण रात तकरीबन 8 बजे एक व्यक्ति घायल हुआ था, उसी समय छग जन जागरण सेवा संस्थान के सचिव आत्माराम मारकंडे, टीम के सदस्य राहुल जोशी, आनंद अपने कार्य से वापस आ रहे थे, तो घायल व्यक्ति रोड पर पड़ा हुआ था तो उठाया उनको और को उनके परिजन को फोन कर सूचना दी और उसे सहायता पहुँचाई। इस घटना के बाद छत्तीसगढ़ जनजागरण सेवा संस्थान के वालंटियरों ने 09 सितंबर को तत्परता दिखाते हुए उस गड्ढे को सीमेंट, गिट्टी और रेती डालकर भर दिया। संस्था का उद्देश्य है कि आगे किसी भी राहगीर को इस गड्ढे के कारण चोट या दुर्घटना न हो। संस्थान के सचिव आत्माराम मारकंडे का मानना है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि हर नागरिक की भी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ संस्था ने यह छोटा-सा सामाजिक योगदान दिया है। कार्य में मुख्य रूप से नंदू रात्रे, रमेश कुमार मारकंडे, राहुल जोशी, आत्माराम मारकंडे, आनंद का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गांवों में बनी रहती है एकताः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम मुस्की में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन रखा गया था। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू उपस्थित हुए। नवयुवक उत्सव समिति के सदस्यों ने तुषार साहू का पुष्प गुच्छ, चंदन, गुलाल लगाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में तुषार साहू ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों में एकता बनी रहती है। सभी समुदायों को शामिल करने वाले त्योहारों, लोक संगीत और नृत्य, पारंपरिक खेलों और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनों का आयोजन किया जा सकता है, जो आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में कमलेश पटवारी, पोषण साहू, घनश्याम निषाद, सदानंद निषाद, संतोष कोतवाल, संतराम यादव, सुरेश, महेश, जितेश, हर्ष, शेष कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

### जिला क्रिकेट टीम चयन की तिथियां घोषित

**महासमुंद।** छग राज्य क्रिकेट संघ ने वर्ष 2025-26 के लिए जिला क्रिकेट टीम चयन की तिथियां घोषित कर दी हैं। जिसके तहत महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर-16 का 14 सितंबर को ट्रायल होगा। जिसमें एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। चयन में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को 12 सितंबर तक अपना पंजीयन करना अनिवार्य रहेगा। पंजीयन के लिए खिलाड़ियों को पिछले 6 कक्षाओं की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल, आधार कार्ड पीवीसी, निवास प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो यह सभी दस्तावेज ओरिजिनल होंगे, इन्हें कॉलेज रोड स्थित संघ के कार्यालय में जाकर पंजीयन की प्रकिया पूर्ण करनी होगी। ट्रायल के दिन खिलाड़ियों को सफेद ड्रेस में स्वयं के किट बैग के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। ट्रायल प्रातः 9 बजे मिनी स्टेडियम महासमुंद में होना है।

## जांच : कृषि विभाग ने किया कृषि आदान केन्द्रों का सतत निरीक्षण

# 35 के लाइसेंस निलंबित और 20 दुकानों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ 1 अप्रैल से अब तक 55 दुकानों को उर्वरक नियंत्रण आदेश का पालन नहीं, जारी किया गया बताओ नोटिस

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को अच्छी गुणवत्ता की आदान सामग्री मिल सके, इसके लिए सतत रूप से जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार कृषि आदान केन्द्रों/विक्रय स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि 01 अप्रैल को खरीफ मौसम प्रारंभ होने पश्चात आज तक 90 दुकानों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें 55 दुकानों को उर्वरक नियंत्रण आदेश का पालन नहीं करने के फलस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसमें 35 दुकानों का जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर उनका उर्वरक प्राधिकार पत्र 15 दिवस के लिए निलंबित किया गया। उक्त दुकानो में मेसर्स गुलशन कृषि केन्द्र झलप, शिव कृषि केन्द्र पासिद, मोनू कृषि केन्द्र तुमगांव, भानू फर्टिलाइजर महासमुंद, बीना एग्रोटेक झलप, आनंद एग्रो एंड सर्विसेज तुमगांव, अमूल्या खाद भंडार झलप, ओम भवानी कृषि केन्द्र तुसदा, जय मां भीमेश्वरी सुनसुनिया, गीतांजली बीज भंडार तेन्दुकोना, हरि कृषि केन्द्र बागबाहरा, शिवम बीज भंडार बागबाहरा, गणेश



कृषि केंद्र बागबाहरा, आरएस ट्रेडर्स बागबाहरा, मनीष कृषि सेवा केन्द्र झगरेनडीह, पटेल कृषि सेवा केन्द्र मेमरा, जय किसान ट्रेडर्स लाखागढ़, शुभम् कृषि सेवा केन्द्र कौहाकुड़ा, कुलदीप कृषि सेवा केन्द्र पिथौरा, शिवम् कृषि सेवा केन्द्र पिथौरा, राज कृषि सेवा केन्द्र भगतदेवरी, खत्री ट्रेडर्स सांकरा, बजरंग कृषि सेवा केन्द्र सांकरा, महेश ट्रेडिंग कंपनी बसना, कंसल खाद भंडार बसना, सिंधु कृषि सेवा केन्द्र बंसुला, प्रेम कृषि सेवा केन्द्र सागरपाली, सृष्टि इंटरप्राईजेस भूकेल, पटेल कृषि सेवा केन्द्र सरायपाली, कृषि दुनिया सरायपाली, प्रधान कृषि सेवा केन्द्र सरायपाली, ओम फर्टिलाईजर सरायपाली, अग्रवाल ट्रेडर्स सरायपाली, राजेश अग्रवाल सरायपाली एवं सरायपाली स्वाभिमान महिला प्रोड्यूसर कंपनी सरायपाली सम्मिलित है। इसके अलावा खत्री बीज भंडार सांकरा के द्वारा बगैर पीसी के बीज क्रय करने पर संबंधित फर्म के बीज के विक्रय पर 21 दिवस के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार बसना विकासखंड के समलेश्वरी कृषि सेवा केन्द्र के द्वारा अवैध 57 बोरी डी.ए.पी. रखने पर जप्ती बनाकर राजसात की कार्यवाही की गई है। मेसर्स लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र खट्टी में अमानक डीएपी उर्वरक पाये जाने के फलस्वरूप डीएपी के विक्रय पर 21 दिवस के लिए प्रतिबंध लगाया गया है एवं राजसात की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। मेसर्स राजेश अग्रवाल सरायपाली के प्रतिष्ठान से 220 बोरा यूरिया किसानों को सरकारी दर पर उपलब्ध कराया गया एवं मेसर्स ओम फर्टिलाइजर सरायपाली के प्रतिष्ठान से 270 बोरी यूरिया सरकारी दर पर किसानों को उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भी विकासखंड के निजी विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं दुकानदारों को सही कीमत पर उर्वरक बेचने एवं पी.ओ.एस. मशीन के द्वारा बेचने के निर्देश दिए गए। खरीफ मौसम में लगातार यह कार्यवाही जारी रहेगी, कृषकों को अपील की गई है कि वे संबंधित फर्म से बिल लेकर ही आदान सामग्री का क्रय करें।

# पतेरापाली गांव में बांध बनाने जनचौपाल में लगाई गुहार

## कलेक्टर ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल मंन जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जनदर्शन में 48 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा।




जन चौपाल में ग्राम बिरकोनी निवासी गोविंदा ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम पतेरापाली सरायपाली के ग्रामवासियों ने गांव में बांध निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु, ग्राम सिंघनपुर बसना निवासी राकेश वैष्णव ने विकलांगता अंतर्गत शासकीय योजना का लाभ दिलाने, ग्राम डोंगरीपाली बागबाहरा निवासी धनेश पुरी गोस्वामी ने बिजली बिल माफ, ग्राम ठाकुरदिया खुर्द पिथौरा निवासी रामलाल ने केसीसी लोन के संबंध में, ग्राम सलडीह पिथौरा निवासी करुणा भोई द्वारा वन अधिकार पट्टा के लिए एवं ग्राम अरण्ड महासमुंद निवासी अश्विनी बाई ने पीएम आवास योजना की राशि दिलाने के लिए आवेदन सौंपा। वहीं छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा अनैतिक और नशीली दवाइयों के विक्रय संबंधी गतिविधियों पर रोक लगाने आवेदन दिया गया। कलेक्टर लंगेह ने नशीली दवाइयों के विक्रय के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को आवश्यक छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास विक्रय पर जब्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा और रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मंत्री रामविचार नेताम के नगर आगमन पर विधायक ने किया स्वागत



**महासमुंद।** ओड़ीशा प्रवास के दौरान सोमवार को कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का आगमन जिला मुख्यालय हुआ। विश्राम गृह में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा नेताओं के साथ अभिनंदन किया। साथ ही इस दौरान विधायक ने उनके साथ कुछ विषयों को लेकर चर्चा भी की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण संदीप घोष, पवन पटेल, डमरू मांझी उपस्थित रहे।

# ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति का परिचय सम्मेलन व बैठक हुई

**महासमुंद।** ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय सम्मेलन सह बैठक हुई। इस परिचय सम्मेलन सह बैठक ईशर गवरा पूजा उत्सव आदिवासी गोंड विकास समिति के तत्वावधान में चमन लाल ध्रुव की अध्यक्षता एवं संयोजक कमलेश ध्रुव, उपाध्यक्ष दुलार ध्रुव, अमृत बाई ध्रुव के मुख्य आतिथ्य तथा नवपदाधिकारियों व सदस्यों, मातृ शक्ति, पितृ शक्ति की उपस्थिति में हुई। सर्वप्रथम ईष्ट देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात समिति के सचिव महेश कुमार ध्रुव ने 10 दिसंबर 2024 में सोसाइटी के पंजीकृत होने संबंधी जानकारी दी। साथ ही बैठक के एजेंडे को रखा गया। सोसाइटी के लिखित अंकित 12 उद्देश्य को बैठक में बताया गया एवं नवपदाधिकारियों का परिचय भी कराया गया। तत्पश्चात नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष चमन लाल ध्रुव, संयोजक कमलेश ध्रुव,



उपाध्यक्ष दुलार ध्रुव, अमृत बाई ध्रुव, संरक्षक मनराखन ध्रुव, सचिव महेश कुमार ध्रुव, कोषाध्यक्ष रामायण ध्रुव, सहसचिव टंकेश्वर सिंह ध्रुव सहित समस्त नवपदाधिकारियों का पुष्पहार व गुलदस्ता एवं पीले चावल से अभिनन्दन किया गया।

संयोजक कमलेश ध्रुव ने ईशर गवरा पर्व की महत्ता के साथ ही संवैधानिक जानकारी दी गई। हेमिन ठाकुर द्वारा संवैधानिक जानकारी साझा किया गया। आगामी ईशर गवरा पर्व के लिए महिलाओं एवं पुरुषों के लिए ड्रेस कोड पर चर्चा की गई। जल्द ही फाइनल निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रति माह ज्वाइंट बैठक आहूत करने सुझाव रखा गया। सभा को दुलार ध्रुव ने भी संबोधित। कार्यक्रम में चमन लाल ध्रुव, मनराखन लाल ध्रुव, रामायण सिंह ध्रुव, अमृत बाई ध्रुव, टंकेश्वर सिंह ध्रुव, रोहित कुमार ध्रुव, नीलेश ध्रुव, सुनील मरकाम, नेमू ध्रुव, मुरारी ध्रुव, रामानंद ध्रुव, शंकर पुजेरी, भाव सिंह नेताम, टीआर ध्रुव, संतु ध्रुव, बिसहत ध्रुव, निर्मल कुमार ठाकुर, नोबल ध्रुव, ओम प्रकाश ठाकुर, बबीता ध्रुव, सालिक राम ध्रुव, धनंजय ध्रुव, केआर ध्रुव, डिगेश्वर ठाकुर, मुकेश ध्रुव, रानी ध्रुव, निर्मला मरकाम, काजल ध्रुव, ईश्वरी ध्रुव, गायत्री मरकाम, योगेश्वरी ध्रुव, मीना ध्रुव, सावित्री, राधा ठाकुर, चंद्रप्रभा ध्रुव, रेखा ध्रुव, लक्ष्मी सोरी, कौशल ध्रुव, कमला ध्रुव, पल्लवी, गिरिजा, वर्षा, रोहित ध्रुव, लीला ध्रुव, हीरल ध्रुव आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन महेश कुमार ध्रुव सचिव ने किया।

# कबड्डी में कौहाकुड़ा की टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

समीप के ग्राम ठाकुरिपाली में बीते दिन दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें दूर दराज के कुल 55 टीमों ने भाग लेकर अपना दम खम दिखाया। जिसमें प्रथम पुरस्कार कौहाकुड़ा को 8000 रुपए, ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार रामपुर को 6000 रुपए, तृतीय ठकुरीपाली ए को 4000 रुपए, चतुर्थ ठकुरीपाली बी को 3000 रुपए एवं पंचम पुरस्कार सरेकेल को 2000 रुपए के साथ सभी विजेता टीमो को क्रमशः ट्रॉफी व मेडल दे कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य तारेश्वरी पिलेश्वर पटेल थी। अध्यक्षता ग्राम सरपंच तिलेश साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में मोंगरापाली सरपंच भूमिका साहू विनय साहू, भालेश साहू, खिलेश साहू, खेमराज साहू, तेजराम, हरिश्चंद्र, गैंदराम, हेमसिंग नायक पूर्व जनपद सदस्य, मुन्ना पटेल, राजकुमार, जीवन राहुल, छबी राम, कृपा राम, भैया राम, लाल सिंग नायक पूर्व उपसरपंच आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में धरमु ध्रुव, लक्की ध्रुव, दुर्योधन ध्रुव, मुकेश ध्रुव, लोकेश ध्रुव, ताराचंद ध्रुव सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान

# गुणात्मक परिवर्तन होना ही असली पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुणात्मक परिवर्तन होना ही असली पूजा है, जो कि पूजा मतलब पूरी जानकारी, सही जानकारी से ही हो सकती है। जीवन विद्या शिविर इसके लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है मानव, मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण हो। तभी अपने मानवत्व को प्रमाणित करेगा। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बागबाहरा जीवन विद्या केंद्र में यह बात कहते हुए जीवन विद्या के लोक व्यापीकरण अभियान में बागबाहरा के शिक्षक पवित्रो यादव, विनय शंकर दीवान, दीपक, नंदलाल, रिषिकेश चंद्राकर, शेष नारायण साहू, संतोष सोनवानी, नेकेश साहू आदि का महत्व पूर्ण योगदान है, जो कि प्रत्येक रविवार को बागबाहरा और आसपास के लोगों के जीवन जागृति के लिए एक दिवसीय जीवन विद्या शिविर आयोजित करते हैं। पवित्रो यादव संचालक जीवन विद्या केंद्र बागबाहरा ने कोकडिया और उनके परिवार जनों के प्रति जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान में योगदान के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए निकट भविष्य में बागबाहरा और आसपास के क्षेत्रों के स्कूलों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, महाविद्यालयों, परिवारजनों के मध्य जीवन विद्या शिविर कराने का निर्णय लिया।

# छग मरार पटेल समाज ने मृत्यु भोज में कलेवा-मिष्ठान और शादी में डीजे पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज का प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों दूधाधारी सत्संग भवन रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, महासचिव ललित पटेल, कोषाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल, संरक्षक अमर सिंह पटेल, लोचन पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, रामेश्वर पटेल, त्रिनाथ पटेल, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और राज अध्यक्ष समेत समाज पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही।



बैठक की शुरूवात समाज के ईष्ट देवी माता शाकंभरी एवं ईष्ट देव मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर आरती की गई। पश्चात समाज पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान के बाद बैठक की शुरुवात हुई। इस कड़ी में कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल और अध्यक्ष सुनील पटेल द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद सभापति राजेंद्र नायक पटेल ने सदन के सदस्यों को प्रस्तावित विभिन्न विषयों पर बिंदुवार अपने-अपने विचार रखने कहा। मंथन पश्चात समाज हित में अनेक निर्णय लिए गए। जिसमें प्रमुख रूप से शांति भोज, मृतक भोज बिना कलेवा मिष्ठान्न के सादा भोजन पगंत मे परोसा जाएगा। शादी विवाह कार्यक्रम में डीजे सेट बॉक्स पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस प्रकार विवाह के रस्म पाणीग्रहण गोधूलि बेला में ही किया जाए। समाज विकास में बाधक सामाजिक रीती-नीति में संशोधन कर पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मलेन और शाकंभरी महोत्सव इस वर्ष बालोद जिला के संबलपुर (लोहारा) में 09 नवंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। परिचय माला पुस्तिका प्रकाशन के लिए इस वर्ष भी युवक-युवती का डाटा निःशुल्क लिया जाएगा। जिससे पालकों को अतिरिक्त भार न पड़े। कार्यकारिणी बैठक में समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे 72 राज से आए समाज पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी और राज पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में समाजिकबंधु उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महासचिव ललित पटेल ने किया।

# झेरिया यादव समाज का ऐतिहासिक अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवीन दायित्व प्राप्त होने पर झेरिया यादव समाज द्वारा रिसाली दशहरा मैदान में आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंचे छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव भावविभोर हो गए। झेरिया यादव समाज की इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति और सम्मान देखकर उन्होंने कहा कि इस आयोजन में समाज के प्रत्येक सदस्य द्वारा मिले स्नेह और सम्मान का मैं हृदय से आभारी हूँ। मैं वचन देता हूँ कि जिस यादव समाज की गरिमा पर इस दायित्व पर आया हूँ वहां अपने यादवों का सम्मान झुकने नहीं दूँगा।

मंत्री गजेंद्र ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव सहित सभी पदाधिकारियों का विशेष रूप से समाज के समस्त महिला प्रकोष्ठ का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक ने कहा कि आज का यह भव्य समारोह केवल अभिनंदन का अवसर नहीं है, बल्कि समाज की एकजुटता और सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब-जब यादव समाज ने एक स्वर में पुकारा है, तब-तब असंभव भी संभव हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अभिनंदन नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के



कौशल विकास की रोशनी पहुँचाना है। आज हम सब एक होकर यह संदेश दे रहे हैं कि यादव समाज केवल परंपराओं को जीवित रखने वाला नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ने वाला समाज है। यादव समाज के विभिन्न सामाजिक भवन के लिए मंत्री गजेंद्र यादव ने 1 करोड़ की घोषणा किए एवं अपने स्वेच्छानुदान मद से 5 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण तथा दुर्ग के भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक थे। विशिष्ठ अतिथि सियाराम ध्रुव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति भिलाई, शालेंद्र शेंडे पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनीष यादव पार्षद रिसाली, रामकिशुन यादव पार्षद रिसाली उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्री गजेंद्र यादव को समाज का गौरव बताते हुए कहा कि यह दायित्व केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की गरिमा और आस्था का प्रतीक है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज की सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक उन्नति के लिए संगठित होकर कार्य करें।

### समाज की शक्ति का संदेश

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेशभर से समस्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक, परिक्षेत्र, शहर, नगर और महानगरों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि यादव समाज अपनी एकता और संगठन से हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने को तैयार है। मंच संचालन राजू यादव, प्रदेश अध्यक्ष, राजनीति प्रकोष्ठ ने किया। महासमुंद जिला से प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, सोहन लाल यादव, भेख राम यादव, सोनऊ राम यादव, चरण यादव, चेक लाल यादव के नेतृत्व मे जनक प्रसाद यादव, बसंत यादव, मिला राम यादव, नन्द कुमार यादव, लोकनाथ यादव, गोवर्धन यादव, लालाराम यादव, जनकराम यादव, बेदराम यादव, सुरेश, नंद कुमार, हरिश्चंद्र यादव, पतित यादव, डूमन, धनीराम, घनश्याम, टिकेश्वर, धनेश, भूषण, लेखराम, सन्तोष, कुलेश, फणीश, पुनीत, राजू, मोहन, टीकम यादव, नूरसिंग, यशवंत, हृदय यादव, मोहितराम, दीनदयाल यादव, भरोसा यादव, कोमल यादव, हेमलाल यादव, अजय यादव, पुरन यादव, मोतीराम यादव, लोकराम यादव आदि शामिल हुए।

